

## WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM

डॉ. सुरेश मेहरोत्रा

नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत

राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

### राजनीतिक

- **मंत्री कौन बनेगा - यह बात सिर्फ दो लोगों को पता है**

मीडिया में मोदी मंत्रिमंडल में होने वाले फेरबदल की अफवाहों की भरमार है। एक बात तो तय है कि दो व्यक्तियों को छोड़कर कोई भी नाम का अनुमान नहीं लगा सकता। क्या कोई नाम का अनुमान लगा सकता है?

- **क्या मनोज सिन्हा रेल मंत्री बनेंगे?**

ऐसी खबरें हैं कि जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा को मोदी मंत्रिमंडल में रेल मंत्री बनाकर दिल्ली लाया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में उनका उत्तराधिकारी कौन होगा?

- **मोदी मंत्रिमंडल में 13 राज्यसभा सदस्य**

फिलहाल मोदी मंत्रिमंडल में राज्यसभा के कुल 13 सदस्य कार्यरत हैं। नए सदस्यों के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं।

### प्रशासनिक



- **संजय जाजू तेलंगाना के नए मुख्य सचिव**

संजय जाजू को तेलंगाना का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। 1992 बैच के आईएएस अधिकारी जाजू 1 जुलाई को के रामकृष्ण राव का स्थान लेंगे।

- **पीएसबी एचआर ओवरहाल**

वित्त मंत्रालय और डीएफएस लगभग 7.5 लाख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कर्मचारियों के लिए एक बड़ा मानव संसाधन सुधार कार्यक्रम चला रहे हैं, जिसमें अपारदर्शिता को कम करने के लिए स्वचालित डिजिटल स्थानांतरण, तेजी से पदोन्नति, पारदर्शी वरिष्ठता सूची और समय पर वार्षिक स्थानांतरण पूरा करना शामिल है।

- **के. रामकृष्ण राव तेलंगाना के मुख्यमंत्री के सलाहकार नियुक्त किए**

के. रामकृष्ण राव को 30 जून 2026 को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद तेलंगाना के मुख्यमंत्री के सलाहकार और पदेन विशेष मुख्य सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। वे तेलंगाना कैडर के 1991 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **रश्मी कमल को मूल कैडर में वापस भेज दिया**

एसीसी ने पश्चिम बंगाल की डीसीओ/डीसीआर (निदेशक स्तर) सुश्री रश्मी कमल को उनके मूल कैडर में समय से पहले वापस भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वह पश्चिम बंगाल कैडर की 2006 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

- **डी.एस. कुमार अगले 3 महीनों तक एनसीएल के वित्त निदेशक के पद पर बने रहेंगे**



एसईसीएल के वित्त निदेशक डार्ला सुनील कुमार को 15 जून 2026 से तीन महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के वित्त निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

- **सी. सुवर्णा 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे**

तेलंगाना, हैदराबाद स्थित प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एचओएफ), पीसीसीएफ (एचओएफ) कार्यालय, डॉ. सी. सुवर्णा 30 जून, 2026 को सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर सेवा से सेवानिवृत्त होंगी। वह तेलंगाना कैडर की 1991 बैच की भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) अधिकारी हैं।

- **विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसबी) और सार्वजनिक क्षेत्र के आयकर आयुक्तों (पीएसआईसी) के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारियों की मांग की गई**

वित्तीय सेवा मंत्रालय ने विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और आईडीबीआई बैंक लिमिटेड तथा सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों में मुख्य सतर्कता अधिकारी के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया है। आवेदन 20 जुलाई, 2026 तक जमा किए जा सकते हैं।

- **पीईएसबी ने पूर्णतः ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य कर दिए**

पीईएसबी द्वारा पूरी तरह से ऑनलाइन आवेदन प्रणाली अपनाने से 1 अगस्त, 2026 से सीपीएसई में बोर्ड स्तर पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी आने और कागजी कार्रवाई न होने का संकेत मिलता है।

- **राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए**

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन और नामांकन आमंत्रित किए हैं। आवेदन 10 जुलाई, 2026 तक जमा किए जा सकते हैं।

- **क्या भारत-अमेरिका व्यापार समझौता इस साल के बाद भी टलता रहेगा?**

भारत अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तब तक हस्ताक्षर नहीं करेगा जब तक कि एक ऐसा ढांचा तैयार नहीं हो जाता जो भारतीय निर्यात को प्रतिद्वंद्वी देशों की तुलना में स्पष्ट टैरिफ लाभ प्रदान करे। मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि इस साल समझौते के पूरा होने की संभावना नहीं है। इससे संकेत मिलता है कि नई दिल्ली जल्दबाजी में कोई समझौता करने के बजाय मजबूत वार्तात्मक स्थिति की प्रतीक्षा कर रही है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल द्वारा व्यक्त किया गया यह रुख दर्शाता है कि टैरिफ समानता अब पर्याप्त नहीं है; भारत आगे बढ़ने से पहले एक मापने योग्य तुलनात्मक लाभ चाहता है। इससे बातचीत जारी रहने पर भी समझौते के अंतिम चरण में देरी हो सकती है, क्योंकि असली परीक्षा यह होगी कि क्या वाशिंगटन प्रतिस्पर्धी आपूर्तिकर्ताओं को दी जाने वाली शर्तों से बेहतर शर्तें भारत को देने के लिए तैयार है। इस प्रक्रिया से परिचित अधिकारियों का कहना है कि वार्ता की वर्तमान गति 2026 में किसी समझौते की ओर संकेत नहीं करती है। अड़चनें इरादे से अधिक लाभों की संरचना को लेकर प्रतीत होती हैं, विशेष रूप से निर्यात-प्रधान क्षेत्रों के लिए जो पूर्वानुमान और मूल्य निर्धारण समर्थन की तलाश में हैं। फिलहाल, यही निष्कर्ष निकलता है कि यह समझौता राजनीतिक रूप से तो जीवित रह सकता है, लेकिन व्यावसायिक रूप से ऐसा होना जरूरी नहीं है। जब तक भारत अपनी निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता की रक्षा करने वाला कोई ढांचा तैयार नहीं कर लेता, तब तक यह समझौता अधर में ही रहने की संभावना है।

- **क्या डोवाल-वांग यी की मुलाकात महज एक नियमित राजनयिक मुलाकात से कहीं अधिक थी?**

नई दिल्ली में आयोजित 16वीं ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) स्तरीय वार्ता के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल की चीनी विदेश मंत्री वांग यी से हुई मुलाकात ने रणनीतिक हलकों में चुपचाप लेकिन उल्लेखनीय ध्यान आकर्षित किया है। आधिकारिक तौर पर, चर्चा का मुख्य केंद्र द्विपक्षीय संबंधों में हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा और लंबे समय से चले आ रहे सीमा तनाव के बाद धीरे-धीरे सामान्यीकरण की दिशा में हुई प्रगति का आकलन था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, डोवाल ने विश्वास और आपसी समझ के पुनर्निर्माण के लिए स्थिर, पूर्वानुमानित और रचनात्मक संबंधों की आवश्यकता पर जोर दिया। हालांकि, सूत्रों से संकेत मिलता है कि यह बातचीत सामान्य राजनयिक आदान-प्रदान की सीमाओं से आगे बढ़ गई होगी। दोनों पक्षों द्वारा सार्वजनिक रूप से सतर्कता बरती जा रही है ऐसे में नीति विशेषज्ञों के बीच यह अटकलें तेज हो रही हैं कि बंद दरवाजों के पीछे अधिक महत्वपूर्ण बातचीत हुई होगी। इनमें अलगाव के लिए दूरगामी तंत्र, विश्वास निर्माण के संभावित उपाय या द्विपक्षीय ढांचे के कुछ पहलुओं को फिर से निर्धारित करने पर प्रारंभिक चर्चाएं शामिल हो सकती हैं।

# प्रदेश के 3.30 करोड़ बच्चों को आज से पिलाई जाएगी पोलियो रोधी दवा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में शून्य से पांच वर्ष तक के 3.30 करोड़ नौनिहालों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का अभियान रविवार से शुरू होगा। पहले दिन लगभग 1.10 लाख बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। सोमवार से 70 हजार टीमें और 35 हजार पर्यवेक्षक घर-घर जाकर बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाएंगे।



महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. एच.डी. अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि प्रदेश पिछले 16 वर्षों से पोलियो मुक्त बना हुआ है, लेकिन इस वर्ष पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के तीन मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में हमें पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि जब तक दुनिया पूरी तरह पोलियो मुक्त नहीं हो जाती, तब तक संक्रमण का खतरा बना रहेगा। हमारा उद्देश्य केवल बच्चों को दवा पिलाना नहीं, बल्कि प्रदेश में पोलियो वायरस के किसी भी संभावित प्रवेश को रोकना है। इसके लिए बूथ, घर-घर अभियान, ट्रांजिट और मोबाइल टीमों के माध्यम से व्यापक रणनीति तैयार की गई है। सभी जनपदों में 6,500 ट्रांजिट टीमें और 1,700 मोबाइल टीमें बस एवं टेंपो स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ईंट भट्टों और अन्य दूरस्थ क्षेत्रों में बच्चों को दवा पिलाने का कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि पोलियो संक्रमण की दृष्टि से ईंट भट्टों, मलिन बस्तियों, घुमंतू आबादी, फैक्ट्री क्षेत्रों और निर्माणाधीन स्थलों पर रहने वाले परिवार अधिक संवेदनशील हैं। इसलिए इन क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जा रहा है, ताकि कोई भी बच्चा पोलियोरोधी दवा से वंचित न रहे। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियोरोधी दवा की दो बूंदें अवश्य पिलाएं, क्योंकि हर बच्चे तक पहुंचना ही प्रदेश को स्थायी रूप से पोलियो मुक्त बनाए रखने की रणनीति है। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में कुल 36,045 घुमंतू आबादी वाले क्षेत्रों में 7,92,640 परिवारों को चिन्हित किया गया है। इनमें 72,977 घुमंतू परिवार, 24,352 निर्माणाधीन स्थलों पर रहने वाले परिवार, 1,81,166 अस्थायी मलिन बस्तियों में रहने वाले परिवार, 1,35,090 ईंट भट्टों में रहने वाले परिवार तथा 3,79,055 अन्य प्रवासी क्षेत्रों के परिवार शामिल हैं। प्रत्येक पल्स पोलियो अभियान में इन परिवारों के बच्चों को प्रतिरक्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नेपाल सीमा पर 30 टीकाकरण पोस्ट स्थापित किए गए हैं और इस वर्ष मई तक 1,08,805 बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाई जा चुकी है। जो बच्चे किन्हीं कारणों से दवा सेवन से वंचित रह जाएंगे उन्हें छह जून को मॉप आप राउंड के दौरान दवा पिलाई जाएगी।

### उरई में 28 जून को 2.16 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक,जागरूकता के लिए निकाली गई रैली

**उरइ ।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान के अंतर्गत 28 जून रविवार को आयोजित होने वाले पोलियो बूथ दिवस की सफलता सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को जिला पुरुष चिकित्सालय उरई से भव्य जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# गुड़-रोटी खिलाकर मुख्यमंत्री योगी ने की गोसेवा



**गोरखपुर ।** गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह जनता दर्शन लगाकर जनसेवा करने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा में भी रमे रहे। उन्होंने स्नेहिल थपकी देकर गायों-गोवंश को खूब दुलारा। गुड़-रोटी खिलाया और गोशाला के कार्यकर्ताओं को गोवंश के समुचित देखभाल के निर्देश दिए।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या में शामिल रहती है। शनिवार सुबह भी मुख्यमंत्री, मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में मुख्यमंत्री योगी ने गोवंश के माथे पर हाथ फेरा, थपकी देकर दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़-रोटी खिलाया। गोसेवा के दौरान गोशाला परिसर में विचरण कर रहे मोरों पर भी मुख्यमंत्री ने स्नेह बरसाया।

# दो कारों की आमने-सामने टक्कर में एक की मौत, तीन घायल



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, बहराइच :** जिले के बहराइच-नानपारा मार्ग पर रिसिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो कारों की आमने-सामने भिड़न्त हो गयी। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी कार में सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही रिसिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने शनिवार को यह बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि नानपारा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार एक कार ने विपरीत दिशा से आ रही कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान विनोद यादव के रूप में की।वहीं, दूसरी कार में सवार चांद बाबू, समेत तीन लोग घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट कराया गया, जहां प्रारम्भिक उपचार के बाद साजिद और चाँद बाबू के गंभीर जख्मी होने के कारण मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### नशामुक्ति में उत्कृष्ट पहल पर थाना प्रभारी तिवारी सम्मानित

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गढ़वा :** नशामुक्ति के खिलाफ बेहतर पहल करने वाले गढ़वा थाना प्रभारी श्री विद्यावारिधि तिवारी को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्वयंसेवी संस्था कालिका प्रसाद (केपी) बैस सेवा समिति, शिवपुरवा के अध्यक्ष श्री उमा शंकर सिंह बैस द्वारा प्रदान किया गया। अध्यक्ष बैस ने कहा कि थाना प्रभारी तिवारी ने नशे के अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई के साथ ही युवाओं को जागरूक करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। सम्मान ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी तिवारी ने कहा, 'हम केपी सेवा समिति के आभारी हैं। इस सम्मान के साथ ही हमें संस्था के माध्यम से युवाओं की एक सशक्त टीम मिल गई है। पुलिस और समाज मिलकर ही नशे की इस बुराई को जड़ से खत्म कर सकते हैं।' कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी, स्थानीय नागरिक व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने नशामुक्ति अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# बांदा को 'रेगिस्तान' बनने से बचाने उतरा प्रबुद्ध वर्ग

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, बांदा :** जब सिस्टम के 'कथित विकास' की अंधी दौड़ में पहाड़, जंगल और नदियां हांफने लगें, तो अपने अस्तित्व को बचाने के लिए अंततः जनता को ही सड़क पर उतरना पड़ता है।

बांदा में इन दिनों कुछ ऐसा ही नजारा है।

जिले के लगातार सूखते जल स्रोतों, कटते वनों और छलनी होते पहाड़ों को बचाने के लिए अब युवाओं और प्रबुद्ध जनों ने बांदा जल-जंगल-पहाड़ बचाओ अभियान' के झंडे तले मोर्चा खोल दिया है। नवाब टैंक के वन चेतना पार्क में हुई इस अहम बैठक ने जहां एक तरफ प्रकृति को बचाने का शानदार खाका खींचा, तो वहीं दूसरी ओर यह तीखा सवाल भी खड़ा कर दिया कि क्या जनता की यह फिक्र एसी कमरों में बैठे उन हुक्मरानों तक पहुंचेगी, जिनकी आंखों के सामने हरियाली का खुलेआम कत्ल हो रहा हैगैर-राजनीतिक मंच से संचालित इस अभियान के संयोजक लव सिन्हा की अगुवाई में शहर के दर्जनों प्रबुद्ध जन और पर्यावरण प्रेमी जुटे। बैठक में मौजूद पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने शहरों में विकास के नाम पर बेवजह कट रहे पेड़ों पर तत्काल रोक लगाने की वकालत करते हुए शासन स्तर तक इस लड़ाई को मजबूती से लड़ने का ऐलान किया। लेकिन सबसे बड़ा व्यंग्य तो यही है कि जिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी ही पर्यावरण की रक्षा करना है, उसी के सामने आम नागरिकों को 'पेड़ मत काटो' की गुहार लगानी पड़ रही है।

### जिलाधिकारी ने माइनिंग कमांड सेंटर का किया निरीक्षण

**उरई।** जनपद में खनिज संपदा के संरक्षण तथा अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित खनन कार्यालय में स्थापित माइनिंग कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कमांड सेंटर में संचालित डिजिटल निगरानी प्रणाली, वाहनों की ट्रैकिंग व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, ऑनलाइन डाटा विश्लेषण तथा खनन गतिविधियों की रियल टाइम मॉनिटरिंग का विस्तृत अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से कमांड सेंटर के माध्यम से संचालित निगरानी व्यवस्था की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि जनपद में संचालित प्रत्येक वैध खनन पट्टे की गतिविधियों पर सतत एवं प्रभावी निगरानी रखी जाए।

# कानपुर सेंट्रल-नौबस्ता मेट्रो सेक्शन पर सीएमआरएस का तीन दिवसीय जायजा शुरू

**राज्यब्यूरो,नईदुनिया,कानपुरः** कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक मेट्रो के शेष सेक्शन पर यात्री सेवाएं शुरू करने की दिशा में महत्वपूर्ण चरण शुरू हो गया है।



मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा तीन दिनों तक सुरक्षा और तकनीकी मानकों का विस्तृत परीक्षण किया जाएगा, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और विश्वस्तरीय मेट्रो सेवा उपलब्ध कराई जा सके। यह जानकारी शनिवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहीं। मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) नीलाभ्र सेनगुप्ता ने अपनी पांच सदस्यीय टीम के साथ कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक कॉरिडोर-1 के शेष सेक्शन के तीन दिवसीय जायजा की शनिवार को शुरुआत की। कानपुर पहुंचने के बाद उन्होंने यूपीएमआरसी के अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें परियोजना से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक के बाद सीएमआरएस ने नवीन मार्केट से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो से यात्रा की। इसके बाद मोटर ट्रॉली के माध्यम से कानपुर सेंट्रल से झकरकटी के बीच डाउन लाइन टनल और ट्रैक का जायजा लिया। झकरकटी स्टेशन पर एस्केलेटर, फायर अलार्म, आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था तथा यात्रियों की सुविधा से जुड़े विभिन्न प्रावधानों की भी बारीकी से पड़ताल की गई। यूपीएमआरसी के अनुसार 28 और 29 जून को भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी। इस दौरान कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक के पूरे सेक्शन में सिग्नलिंग, इलेक्ट्रिकल, ट्रैक, सिविल और अन्य तकनीकी प्रणालियों का परीक्षण किया जाएगा।

सभी सुरक्षा और तकनीकी मानकों के अनुरूप पाए जाने के बाद आगे की वैधानिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिसके बाद इस सेक्शन पर मेट्रो संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।

# राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया



**राज्यब्यूरो,नईदुनिया,अयोध्याः** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को वशिष्ट कुंड वार्ड स्थित ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा के निकट नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर केंद्र का शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं और स्थानीय महिलाओं से भी बातचीत की। उन्होने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, शिक्षा और महिलाओं के सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लेने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि अयोध्या में आंगनबाड़ी केंद्रों की कमी को देखते हुए नए केंद्र स्वीकृत किए गए हैं।

वशिष्ट कुंड सहित विभिन्न क्षेत्रों में नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा और पोषण मिलेगा।

वार्ड में 10 आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जा रहे हैं, जिससे बच्चों और महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा।


सत्यमेव जयते

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण**

Airports Economic Regulatory Authority of India (AERA)

भारत सरकार /Government of India

3rd Floor, Udaan Bhawan, Safdarjung Airport, New Delhi - 110003 Ph.: 011-24695044

**PUBLIC NOTICE**

**STAKEHOLDERS' CONSULTATION MEETING ON DETERMINATION OF TARIFF FOR THE AERONAUTICAL SERVICES FOR KEMPEGOWDA INTERNATIONAL AIRPORT, BENGALURU (BLR) FOR THE FOURTH CONTROL PERIOD (01.04.2026-31.03.2031)**

Airports Economic Regulatory Authority of India (AERA) has issued Consultation Paper No. 01/2026-27 on 12.06.2026 (which is available on AERA website at URL www.aera.gov.in) w.r.t the Tariff Determination for Aeronautical Services for Kempegowda International Airport, Bengaluru (BLR) for the Fourth Control Period (01.04.2026-31.03.2031).

In accordance with the provision of Section 13(4) of the AERA Act, 2008, the various tariff proposals of the Authority contained in the Consultation Paper, are put forth for Stakeholders' Consultation. A Stakeholders Consultation Meeting in hybrid mode (Physical/Online) in this regard is scheduled on **29th June, 2026 (Monday) at 3:30 PM** at:

**Stakeholders Room, 3rd Floor, Udaan Bhawan, Safdarjung Airport, New Delhi - 110003**

All stakeholders like Passengers/Passengers' Associations, General Public, Airport Operators, Airlines, Industry Associations/Bodies, Independent Service providers for Cargo, Ground Handing Fuel Farm etc., are requested to join the said meeting and give their valuable suggestions/comments/views on the aforesaid Consultation Paper on tariff proposal of Kempegowda International Airport, Bengaluru (BLR).

Participants joining in person may send their confirmation to AERA with Name, email address, mobile number, vehicle number by email (to director-ps@aera.gov.in and rajan.guptal@aera.gov.in). Online link will be shared on AERA website (https://aera.gov.in) before the Stakeholders meeting under Tab "News and Announcements".

Sd/-
Secretary, AERA

cbc 03112/12/0007/2627


## आपका राशिफल 28 जून

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो अ
शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। प्रेमभाव बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक 5 7 8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो या यी यू
मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

**मकर** — भो जा जी खी खू खे खो गा गी
किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक 2 5 7

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई बहनों का प्रेम बढ़ेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-5